RATNA_BHOOMI_20_2025-01_Layout 1 3/19/2025 11:30 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025

13 औषधीय एवं सुगंधी फसलों का किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



14 रंग पंचमी पर बच्चों व शिक्षक ने खेली होली





## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

**गरियाबंद।** पंडित जवाहर लाल नेहरू योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कमार आवासीय विद्यालय केशोडार में परीक्षा आयोजित किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने समस्त विद्यार्थियों को परीक्षा तिथि में नियत समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 28 को

**गरियाबंद।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बम्हनीझोला (कोयबा) में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 28 मार्च को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम बम्हनीझोला सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला परिसर बम्हनीझोला (कोयबा) में आयोजित किया जायेगा।

### तापमान में वृद्धि फिलहाल राहत की गुंजाइश नहीं



**राजिम।** होली के बाद से समूचे क्षेत्र में गर्मी बढ़ने लगी है। घरों में पंखों के स्थान पर कुलर एवं एसी चालू हो गए है। कुलर रिपेयरिंग एवं खस के दुकानों में भीड़ दिखने लगी है। एसी सर्विसिंग सेंटर के कर्मचारी भी घर-घर जाकर सर्विसिंग के कामों में व्यस्त हो गए है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अभी दिन का अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री दर्ज की जा रही है। जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हों रही है वैसे-वैसे मौसमी फल तरबूज एवं खरबूज बाजार में जगह-जगह बिकने लगा है। इसकी मांग बढ़ी है। वहीं वनांचल क्षेत्र से तेंदू फल नवापारा एवं राजिम के बाजारों में बिकने के लिए पहुंच गए है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी वैसे ही कुसुम एवं चार भी वनांचल क्षेत्र से आने लगेगी। खीरा, ककड़ी भी लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए बाजारों में उपलब्ध है। कांकेर के भानुप्रतापपुर क्षेत्र से आने वाला कटहल की आवक भी हो रही है।

**समस्या :** प्रभावित क्षेत्र के 40 स्कूलों में 6 करोड़ रुपए खर्च कर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगाए गए

# 40 गांवों के पानी में फ्लोराइड, पीले पड़े दांत ग्रामीण नहीं कर रहे फिल्टर प्लांट का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के देवभोग के 40 से ज्यादा गांव के 90 से ज्यादा पेयजल स्रोत में फ्लोराइड है पिछले 12 माह से जल शक्ति बोर्ड के वैज्ञानिकों द्वारा 94 गांव के 175 वाटर सेंपल की जांच से किया गया तब खुलासा हुआ। डेंटल और स्केलटल फ्लोरोसिस के सैकड़ों पीड़ित भी यहां मौजूद है। स्कूलों के कैंपस में लगे फ्लोराइड रिमूवल प्लांट का इस्तेमाल ग्रामीण नहीं करते। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा की 5 नई रिमूवल प्लांट की मंजूरी हुए हैं लगे रिमूवल प्लांट का उपयोग ग्रामीण करें इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने स्वास्थ और पीएचई विभाग को दिया गया जरूरी निर्देश।


- उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 20 गांवों के कई जल स्त्रोतों में भी पाई गई फ्लोराइड की मात्रा

जिले के देवभोग में फ्लोराइड को समस्या सालों से है, शासन प्रशासन को पता चला तो चार साल पहले यहां के 40 स्कूलों के पेयजल स्त्रोतों में फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगाया गया।लेकिन जागरूकता के अभाव में इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चे और ग्रामीण नहीं करते। जल शक्ति मंत्रलय बोर्ड के ताजा जांच में फ्लोराइड युक्त स्त्रोत और उसके दुष्प्रभाव का खुलासा हुआ है। साल भर पहले जल शक्ति बोर्ड ने यहां के पेयजल स्त्रोत जांच की शुरुआत किया। क्षेत्रीय निर्देशक डॉक्टर प्रबीर कुमार नायक के मार्गदर्शन वैज्ञानिक मुकेश आनंद और प्रमोद साहू की टिम वाटर सेंपल की जांच में जुटे हैं। बताया गया है कि अब तक 94 गांव के 175 जल स्त्रोतों की जांच जल शक्ति बोर्ड की टीम ने किया है। जिसमें 40 से 50 गांव के 90 से ज्यादा स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्र नियत मात्र से ज्यादा है। नांगलदेही, सीतलीजोर, खुटगांव, करचिया, चिचिया, मूड़ागांव जैसे 17 गांव के 51 सोर्स में सर्वाधिक मात्र पाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इन्हीं प्रभावित गांव में दांत पीले पन और हड्डी टेढ़े होने वाले मरीजों की संख्या 100 से ज्यादा बताई गई है। आगामी 22 मार्च को जल शक्ति मंत्रलय की टिम रिपोर्ट को जिला प्रशासन से साझा करेगी। गांव के हालात और सुझाव के विषय पर सकारात्मक चर्चा होगी।



### सुपेबेड़ा के पानी में नहीं है फ्लोराइड

किडनी रोगियों के गांव कहे जाने वाले सुपेबेड़ा को लेकर जल शक्ति बोर्ड के वैज्ञानिकों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।उन्होंने बताया कि वे 4 स्टेप में यहां के सभी स्रोतों की जांच किए हैं लेकिन यहां के सोर्स में फ्लोराइड की अनुपातिक मात्र पाई गई है। सुपेबेड़ा के जिन स्रोतों में फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगाए गए हैं वहां भी फ्लोराइड की अधिकता नहीं पाई गई है।आर्सेनिक और अन्य हैवी मेटल की जांच के लिए जल शक्ति मंत्रलय सेंपल कलैक्ट कर लिया है।मार्च माह के अंत तक इसके रिपोर्ट आ जायेंगे।



### 6 करोड़ के 40 प्लांट केवल स्कूलों के लिए लगाए गए

स्वास्थ्य विभाग के एक सर्वे में वर्ष 2015 में दांत पीले वाले 1500 से ज्यादा स्कूली बच्चों का खुलासा हुआ था।जिसके बाद हुई ग्राउंड वाटर सोर्स की जांच ▶▶|शेष पेज 12 पर

### स्वास्थ्य विभाग ने की खानापूर्ति

स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले चिरायु दल ने 2015 में अकेले देवभोग ब्लॉक में 25 सौ ज्यादा स्कूली बच्चों के दांत पीले होने का खुलासा किया था। जून माह 2024 में हाईकोर्ट ने फ्लोराइड को लेकर सज्ञान लिया तो स्वास्थ्य ने दोबारा स्क्रीनिंग शुरू किया।फ्लोरोसिस कार्यक्रम चलाया लेकिन वह भी महज खाना पूर्ति साबित हुई।कुछ ही गांव में जांच शिविर लगाया 335 लोगो की जांच कर जिम्मेदारी निभा ली।और बताया कि केवल 59 बच्चो में ही डेंटल फ्लोरोसिस के लक्षण है ,जबकि जल शक्ति मंत्रलय के वैज्ञानिकों ने प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में बता रहे।सरकारी आंकड़े के मुताबिक 2019 में 155 की जांच हुई 31 मिले।2020 में 158 की जांच किया 23 मिले।2021 में 147 की जांच की गई 21 डेंटल फ्लोरोसिस के मरीज मिले थे।

### हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद सुधार किया गया था रिमूवल प्लांट

जुलाई माह में हाईकोर्ट ने फ्लोराइड के मामले का हाईकोर्ट ने सज्ञान लिया तो प्रशाशन भी हरकत में आ गया। पीएचई ने आनन फानन में बंद पड़े 41 रिमूवल प्लांट को शुरू कराया,जिले भर में 300 से ज्यादा सोर्स की जांच शुरू किया। जिले में देवभोग ब्लॉक के अलावा मैनपुर और गरियाबंद ब्लॉक के 50से ज्यादा गांव के पेय जल स्रोतों में फ्लोराइड की मात्र अधिक है।



# पंचायतों में ताला, हड़ताल से कामकाज हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रांतीय आह्वान पर जनपद पंचायत छुरा के समस्त पंचायत सचिव धरना स्थल पर डटे हुए हैं। लगभग पंचायतों में ताला बंद रहे, जिससे शासन के अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञात हो की वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा पंचायत सचिवों को शासकीय कारण किए जाने के संबंध में मोदी की गारंटी के रूप में घोषणा पत्र जारी किया था लेकिन आज पर्यंत तक शासकीय कारण से संबंधित कोई भी आदेश जारी नहीं होने के कारण समस्त सचिव हड़ताल पर चले गए हैं सचिवों की हड़ताल पर जाने से पंचायत में तालाबंदी हो गया है शासन की योजनाएं जन्म- मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, नवीन पेंशन प्रकरण सहित शासन के कई विभागों के 200 प्रकार के काम पंचायत में बाधित हो रहे हैं। सचिबो ने इस हड़ताल को आर पार की लड़ाई का नाम देते हुए जब तक शासकीय कारण का आदेश नहीं करते तब तक हड़ताल में डटे रहने का संकल्प लिया है। बुधवार को हड़ताल स्थल पर छुरा ब्लॉक सचिव संघ अध्यक्ष चेतन सोनकर के नेतृत्व में समस्त सचिव साथी गण हड़ताल में उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक सचिव बोधन साहू कोष अध्यक्ष काशीराम साहू, वरिष्ठ सचिव साथी झंगलू साहू, नागवंशी दीवान, रूप सिंह ध्रुव, द्वारिका सेन, पवन, नागेश, सुरेश ध्रुव, ताराचंद साहू, कमल नारायण, भूपेंद्र सेन, हुलास, बघेल, सुरेश साहू, युवराज साहू, युवराज सिन्हा, रेवा साहू, संतोष यादव, गजेंद्र साहू, खोमेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, उमा दीवान, धनेश्वरी ध्रुव, अंबिका सोनी सहित ब्लॉक के समस्त सचिव साथी गण उपस्थित रहे।




### पंचायत में उपस्थित रहें कर्मचारी

सीईओ सतीश चन्द्रवंशी ने कहा कि कार्य प्रभावित जरूर हो रहे हैं, किंतु रोजगार सहायक, रोजगार मित्र सहित अन्य कर्मचारियों को पंचायत में उपस्थित रहने को कहा गया है।

# मैनपुर -नगरी मार्ग पर दिखा तेंदुआ

**मैनपुर।** मैनपुर नगरी मुख्यमार्ग में बिते रात अरसीकन्हार के पास सड़क किनारे तेंदुआ विचरण करते दिखाई दिया जिसकी तस्वीर राहगीरों ने अपने कैमरे में कैद किया है। ज्ञात हो कि इन दिनों जंगल में जगह -जगह आगजनी की घटना बढ़ गई है जिसके कारण वन्यप्राणी सड़क और गांव के किनारे पहुंच रहे है जिससे कभी भी गंभीर घटना घटने की अंदेशा है।



# समय पर उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नहीं अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- 32 उपार्जन केन्द्रों में 95 प्रतिशत से कम तथा 57 उपार्जन केन्द्र 95 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के धान खरीदी केन्द्रों में धान की शेष मात्रा का उठाव नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मो. असलम खान सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहायक आयुक्त सहकारिता एवं शिवेश मिश्रा, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर जिला गरियाबंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 17 मार्च 2025 तक गरियाबंद जिले में कुल उपार्जित 535349.96 मेट्रिक टन धान में से उपार्जन केन्द्रों में 35213.35 मेट्रिक टन धान उठाव शेष है जोकि कुल उपार्जित धान का केवल 6.58 प्रतिशत है। जिले के कुल 90 उपार्जन केन्द्रों में से केवल 01 उपार्जन केन्द्र में शत प्रतिशत धान का उठाव किया गया हैं। 32 उपार्जन केन्द्रों में 95 प्रतिशत से कम तथा 57 उपार्जन केन्द्र 95 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। उक्त शेष मात्रा के धान उठाव की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उक्त अधिकारियों को जीरो शार्टेज करते हुए शत-प्रतिशत उठाव पूर्ण कराने में लापरवाही बरतने के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उक्त शेष धान को 25 मार्च 2025 तक पूर्णतः उठाव करने के लिए निर्देशित किया है।




**सुबह 5 बजे खेत व जंगल पहुंच जाते हैं**

# अंचल के ग्रामीण महुआ बीनने में व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में पीला सोना कहा जाने वाला महुआ रात दिन पेड़ों के नीचे महुए की अनवरत जारी है। क्षेत्र के ग्रामीण अपने परिवार के साथ इन दिनों जगल, खेत, भाठा ठिकरा में महुआ बीनने का काम कर रहे हैं। ग्रामीण सुबह 5 बजे खेत, जंगल पहुंच जाते हैं, और घर वापसी 3 से 4 बजे महुआ बीनकर आते हैं। महुआ की खुशबू से इन दिनों पूरा जंगल महक रहा है।

ग्रामीण देवलाल बारिक, कुबेर बारिक, रामूसिह नागेश, कुलेश मरकाम, वेदव्यास निषाद, का कहना है कि 4 से 6 क्विंटल सूखा महुआ हर साल मिल जाता है, जिसे 40 से 42 रूपये प्रति किलो की दर से व्यापारी खरीद लेते हैं, हमारी यह खेती पूरी तरह से प्राकृतिक और बिना लागत वाली है। क्षेत्र में महुआ पेड फाल्गुन में कम मिलता है पर अधिकार पेड़ों से चैत महीना से महुआ मिलता है। नगदी के रूप में माना जाने वाला महुआ गिरने का इंतजार ग्रामीण बेसब्री से इंतजार करते हैं। महुआ बेचकर ग्रामीण अनेक जरूरी कार्य निपटाते हैं। पिछले वर्ष ऐसे मौसम में ग्रामीणों द्वारा शुरुआत में 30 से 35 रूपए खुलकर प्रति किलो की दर से बिक्री की गई थी और अंतिम समय में 45 रूपए तक महुआ बिका था। इस वर्ष इस समय महुआ का रेट 40 से 42 रूपये तक बिक्री हो रही है। हालांकि संपन्न ग्रामीण उस सीजन में बिक्री न कर अच्छी कीमत मिलने तक इंतजार करते हैं। इस वर्ष मौसम अच्छा रहने के चलते महुआ व चार की फसल अच्छी दिखाई दे रही है। इन दिनों ग्रामीणों में ज्यादा महुआ बीनने की होड़ मची हुई है। वनांचल क्षेत्रों में महुआ ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का बड़ा जरिया है। छत्तीसगढ़ सरकार भी लघु वनोपज खरीदी के अंतर्गत महुआ फूल और बीज की खरीदी करती है।



**खबर संक्षेप**

### तेंदू बेचने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद**। तेंदू बेचने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पिथौरा पुलिस को डिग्री पटेल निवासी पिलसीपानी थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा ने बताया कि 17 मार्च को वह अपनी मोटर सायकल सीजी 06 एफ 0684 में तेंदू बेचने पिथौरा आया था। तेंदू बेचने के बाद वह अपने फूफा पवितराम पटेल निवासी डोंगरीपाली कैलाशपुर के घर रात में रूका था तथा बाइक को को घर के सामने खड़ी कर दिया था। 18 मार्च की सुबह करीबन 4 बजे देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पति ने पत्नी पर चाकू से वार किया

**महासमुंद**। ग्राम केंदूढार के पेट्रोल पंप में काम करने वाली महिला के साथ उसके पति ने मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। सरायपाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट लिखाते हुए महिला के पिता तिहारी प्रधान निवासी पतेरापाली ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री का साल 2019 में मनीष सोनी के साथ प्रेम विवाह हुआ था। तीन माह पूर्व वह ग्राम बालसी में किराये के मकान लेकर अपने तीन बच्चों के साथ रहती है तथा पेट्रोल पंप केंदूढार में पेट्रोल भरने का काम करती है। 18 मार्च को वह खाता खुलवाने के लिए अपनी पुत्री को लेकर सरायपाली आया था, खाता नहीं खुलने से उसको छोड़ने पेट्रोल पंप गया था। इस दौरान उसका दामाद मनीष सोनी पहले से वहां खड़ा था, मेरी पुत्री को उसे बात करने के लिए अपने पास बुलाया और किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसने मेरी पुत्री को जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे एक चाकू से उसके जांघ एवं छाती के पास मारने लगा। इसके बाद उसने अपनी पुत्री को लेकर सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मृतक किसान के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**महासमुंद**। पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने ग्राम सिंघनपुर पहुंचकर किसान पुरण निषाद के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। विगत 10 मार्च को किसान ने अपने खेत स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। चंद्राकर ने उनकी पत्नी पंचवती निषाद, पुत्र कुलेश्वर निषाद व टिकेश्वर निषाद को ढांढस बंधाकर ईश्वर से मृतक किसान के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तथा शासन से शोकाकुल परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा व पुत्र को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती बंद कर लो वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान सरकार को करना चाहिए। जिससे किसान निश्चिंत होकर खेती कर सकें। इस दौरान चर्चा में यह बात सामने आई कि मृतक पूरण निषाद कर्ज व फसल सूखने से परेशान था। पूरण के पास करीब पौने 3 एकड़ कृषि भूमि है।



## रासलीला की दी शानदार प्रस्तुति

**छुईहा बेलर**। बेलर बजरंग चौक में रासलीला की शानदार नृत्य की प्रस्तुति हुई। जिसमें कृष्ण और गोपियों के बीच दिव्य नृत्य और आनंदमय मिलन का प्रदर्शन किया गया। दर्शक इसे देख मंत्रमुग्ध हुए। नृत्य दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। संचालक ने कहा की रासलीला, भगवान कृष्ण के जीवन के दृश्यों पर आधारित है। इसमें रासलीला में कृष्ण के जीवन के विभिन्न दृश्यों, जैसे कि गोपियों के साथ उनका नृत्य, माखन चुराना, मटकी फोड़ना आदि को दर्शाया जाता है। कृष्ण मुरारी, बरसाने में बुलावै राधा प्यारी' जैसे भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंचन के दौरान कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए।

फुलझर में महाभर में 8 मौत, पूजा-पाठ कर रहे लोग, हेल्थ कैंप में सामान्य बुखार का दावा

## गांव में हुई मौतों के बाद ग्रामीणों ने मां शीतला मंदिर में की पूजा, नहीं मनाया होली त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



हुरा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य वनाचल ग्राम फूलझर में बीते एक महीने के भीतर 8 ग्रामीणों की अचानक हुई मौतों ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया है। इन रहस्यमयी मौतों के कारण गांव के लोग इतने भयभीत हो गए हैं कि उन्होंने इस बार ढंग से होली पर्व भी नहीं मनाया। गांव की गलियों और चौक-चौराहों पर इस बार न होलिका दहन हुआ और न ही रंग-गुलाल उड़ा।

लगातार हो रही मौतों के कारण गांव के लोगों के बीच भय और चिंता का माहौल है। इसी डर से आज ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव के सभी कामकाज बंद रखे और पूरे विधि-विधान मंत्रोच्चार के साथ ग्राम के ईष्ट देवालय में पूजा-अर्चना की। महिलाएं पीली साड़ी पहनकर सिर पर मंगल कलश लिए रहीं, वहीं पुरुष धोती-कुर्ता पहनकर भजन-कीर्तन करते ग्राम के प्रमुख चौक में शोभा यात्रा निकालकर शीतला मंदिर पहुंचे व पूजा अर्चना कर ग्राम में हो रहे अनिष्ट को दूर करने मित्रते की, पश्चात ग्राम के हनुमान मंदिर पहुंचे सभी ने वहां सभी ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और भगवान से गांव को अनिष्ट कारक से बचाने की प्रार्थना की। इधर जब स्वास्थ्य विभाग को इसका पता चला तो उसने गांव में कैंप लगा दिया है। सामान्य बुखार बाया जा रहा है। लोगों की जांच कर इलाज भी किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु का कहना है कि गांव में कोई गंभीर बीमारी किसी को नहीं है न ही कोई संक्रामक बीमारी फैली है। देवी-देवताओं की पूजा करने से संकट टल जाता है। हमने भी इसी उम्मीद से आज सामूहिक पूजा की। सीएमएचओ ने कहा की चिंता की बात नहीं, गांव में न कोई गंभीर रोगी और न कोई संक्रमण।

### ग्रामीण बोले- जब भी विपदा आती है, दूर करने के लिए पूजा की है परंपरा

संतु राम ध्रुव ने कहा कि गांव में लगातार हो रही मौतों से हम सब डरे हुए हैं। पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। इसीलिए हमने मिलकर पूजा करने का निर्णय लिया है ताकि गांव पर आए इस संकट से छुटकारा मिले। तारण सिंह ध्रुव ने कहा कि हमारी परंपरा रही है कि जब भी गांव में कोई विपदा आती है, तोकुल है।

रुपेश कुमार कुंजाम बताते हैं कि गांव के लोग डरे हुए हैं। इस बार होली पर भी सन्नाटा था। हम चाहते हैं कि भगवान हमारी रक्षा करें और यह मौतों का सिलसिला थम जाए। गांव में बढ़ती मौतों के कारणों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि भगवान की कृपा और प्रशासन की मदद से संकट दूर हो जाएगा।

### ग्रामीणों ने हनुमान चालीसा का भी 24 घंटे पाठ किया

ग्रामीणों का मानना है कि गांव में अनहोनी और विपदा के समय कुल देवी-देवताओं की पूजा करने से संकट टल जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए गांव के लोगों ने सामूहिक पूजा का आयोजन किया। तड़के सुबह से ग्रामीण एकजुट होकर 24 घंटे के लिए हनुमान चालीसा का जाप किया। वही कल सिरकट्टी आश्रम के संत श्री गोवर्धन शरण महराज द्वारा ग्राम के शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न होंगी जिसमें भी ग्राम के सभी लोग काम बंद रखकर शान्ति हवन में शरीक होंगे।

### गांव में इनकी हुई मौत

टेमन साहू पिता रामदयाल साहू (28), गुलेल तारक पिता महत्तर तारक (60), तोरण लाल पटेल पिता प्रेमलाल (50), खोर बाहरा राम कोटवार पिता मोती राम (50) घामश्याम दीवान पिता भागी (35) और रूपाई बाई ध्रुव पति रामसिंह (50) शामिल हैं।

## पाठकों को दिया गया जन्मदिन पुरस्कार





**मुड़ागांव (कोरासी)**। हरिभूमि के स्थापना दिवस पर फरवरी से दिसंबर महीने तक चलने वाले सभी पाठकों के लिए जन्मदिन पुरस्कार योजना 2025 में हर महीने पाठक पुरस्कार योजना का शुभारंभ फरवरी माह से किया गया है। जिसमें मार्च महीने में 38 पाठकों ने भाग लिया और यह योजना हर माह में रहेगा जिसमें अभी भी पाठक या नया पाठक जुड़ कर योजना का लाभ लिया जा सकता है। यह योजना अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता और महाबम्पर ड्रां में शामिल होने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही सभी पाठकों को जन्मदिन पर एक गिफ्ट भी दिया जायेगा। जिसमें मार्च महीने में मुड़ागांव क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव, सोरिद खुर्द,फिंगेश्वरी, मड़ेली, खड़मा, कनेसर, कसेकेरा, बम्हनी, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, पीपरछेड़ी, साजापाली आदि ग्रामों के 38 पाठकों ने मार्च महीने में अपना जन्मदिन फार्मेट भर कर गिफ्ट तेजराम ध्रुव, लक्ष्मण ध्रुव के द्वारा निज निवास पहुंच कर गिफ्ट भेंट कर दिया। जिसमें प्रमुख रूप से देवकुमार ठाकुर, सागर कुमार ध्रुव, खुमेश कुमार निषाद, मोहनीश कुमार, प्यारे सिंह दीवान, तृषा दीवान, प्रतीक ठाकुर, राजेश्वरी साहू, रसिका सिन्हा, राशी कंवर, चिरंजीव साहू, पूर्णिमा, दुर्गा सेन, यशस्वी साहू, डिगाम्बर सेन, खुशी साहू, हिरामन साहू, चंचल, खुशी विश्वकर्मा, भुनेश्वरी पटेल, अंश देवांगन, कुन्ती साहू, मोरेश्वर यादव,विजय यादव,तेजेश्वनी ध्रुव, त्रिदेव कुमार,लव कुमार साहू किसान संसार कृषि केंद्र मुड़ागांव, गोदावरी, आशाराम जलक्षत्री, टीशा तारक प्रेमनारायण ध्रुव, हिना ध्रुव, वीणा ध्रुव, लुकेश्वर साहू, हेमलता साहू, हिमांशी देवांगन रवि कुमार, पालन राम ध्रुव को दिया गया। अधिक से अधिक पाठक हरिभूमि से जुड़ कर इस योजना का लाभ लें।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 23 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के नेतृत्व में जिले के समस्त ग्राम प्रभारियों का 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के आयोजन किया जायेगा।

इस संबंध में शासकीय हाई स्कूल नहरगांव गरियाबंद में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा असाक्षर शिक्षार्थियों के आकलन के लिए 23 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कराये जाने के लिए मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया साथ ही परीक्षा में अधिक से अधिक परीक्षार्थीयों को सम्मिलित करने के लिए आवश्यक वातावरण निर्माण/व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश दिया गया।

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुसार गरियाबंद जिले सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायत/ वार्ड के निकटतम कुल 713 शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 20 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होने वाले है।

परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक निर्धारित है। जिसमें पढ़ना लिखना एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित दक्षता के लिए प्रश्नों के उत्तर के लिये प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 3 घण्टे का समय दिया जाता है।

## भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे देशभर में जगह जगह आंदोलन एवं ज्ञापन दिया गया। इस निमित्त भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों एवं संबद्ध यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा 18 मार्च मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय कार्यसमिति बैठक गुवाहाटी में हुई। इसमें केंद्र सरकार के बजट 2025-26 पर प्रस्ताव पारित किया गया। 1 फरवरी 2025 को आये बजट में आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारियों को राहत दी गई। डेयरी, मत्स्य, लघु उद्योगों को भी सहूलियत दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को टीडीएस में राहत दी गई। कार्यसमिति ने इन फैसलों का स्वागत किया है। लेकिन, भारतीय मजदूर संघ द्वारा दिए गए सुझाचवों पर पूरी तरह अमल नहीं हुआ। कार्यसमिति ने कहा की ईपीएस-95 के 75 लाख पेशनरों को भी कोई राहत नहीं दी गई। मजदूर संघ ने अभी वर्तमान में अनेक मांगों को प्रमुखता से रखा है।

## सिरपुर को विश्व गौरव बनाने लोस में सांसद ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शून्य काल के दौरान सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहर को उजागर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से इसके उत्खनन और संरक्षण के लिए ठोस योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सिरपुर न केवल 5वीं से 8वीं शताब्दी के दौरान दक्षिण कोसल की राजधानी रहा, बल्कि यह बौद्ध, जैन और हिंदू संस्कृति के समन्वय का जीवंत उदाहरण भी है। यहां लक्ष्मण मंदिर, राम मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर सहित कई ऐतिहासिक धरोहरें हैं, जो भारतीय स्थापत्य और मूर्तिकला की उत्कृष्ट कृतियां हैं। सांसद ने केंद्र सरकार से यह भी अनुरोध किया कि सिरपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिले। सांसद ने बताया कि सिरपुर का संरक्षण और विकास स्थानीय रोजगार, राज्य की अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्तर पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा। स्थानीय शिल्पकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन से होने वाली राजस्व वृद्धि से राज्य सरकार अन्य बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश कर सकेगी। सिरपुर हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म का समागम स्थल है, जिससे इसकी सांस्कृतिक विविधता को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। यदि इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया जाता है, तो यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाएगा। सिरपुर प्राचीन भारत के व्यापारिक, बौद्धिक और धार्मिक केंद्रों में से एक था, इसका प्रचार इसे वैश्विक पर्यटन स्थल बना सकता है। दुनिया भर के पुरातत्वविद, इतिहासकार और बौद्ध धर्म के अनुयायी शोध और पर्यटन के लिए यहां आ सकते हैं।बौद्ध धर्म से जुड़े देशों (जैसे जापान, लंका, थाईलैंड, म्यांमार, चीन) के पर्यटकों के लिए यह एक प्रमुख तीर्थस्थल बन सकता है। सिरपुर को अंतरराष्ट्रीय विरासत स्थल के रूप में विकसित करने से भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान बढ़ेगा।

## पिता की लाश फांसी पर मिली पुत्र ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली के सागरपाली में मंगलवार सुबह एक अधेड़ ने पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के बेटे ने मामले में हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मृतक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। अगर हत्या की आशंका जताई जा रही है तो जांच की जाएगी। साथ ही करीबियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सरायपाली थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने बताया कि सागरपाली निवासी श्यामलाल साहू की लाश अलसुबह पेड़ में लटकी मिली। उन्होंने बताया कि मृतक ने शॉल से फांसी लगाकर खुदकुशी की है। वहीं मृतक के बेटे गिरेश साहू ने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। उनके बेटे के मुताबिक बीती रात मृतक के पिता के साथ गांव के ही कुछ लोगों के साथ पानी विवाद को लेकर कहा सुनी होने की बात सामने आई है।

■ हत्या की आशंका जताई जा रही है तो जांच की जाएगी

गिरेश ने बताया कि एक तालाब से दूसरे तालाब में पानी ले जाने के निर्णय का उनके पिता ने विरोध किया था। इस बीच नायक पारा के पंच ने मीटिंग रखने की बात कही थी। रात को वे लोग पिताजी को ढूंढ रहे थे। लेकिन देर रात तक खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिले। दूसरे दिन मंगलवार सुबह गांव के कोटवार ने बताया कि पिताजी ने पेड़ में फांसी लगा ली है। उनका पैर जमीन में था। बेटे ने हत्या कर लाश को पेड़ में लटका देने की आशंका जताई है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

**भारतीय किसान यूनियन की प्रेसवार्ता**

## देश में फिर से होगा किसान आंदोलनः टिकैत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार की कृषि नीति पूरी तरह से कंपनियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के पक्ष में है। इस नीति से किसानों को कोई फायदा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की कृषि नीति के कारण किसान कर्जदार हो रहे हैं। किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। किसानों को सभी फसलों के लिए एमएसपी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बार फिर से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा प्राइवेट कंपनियों का करोड़ों रुपए माफ किया जा रहा है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं कर रहे हैं। कर्ज चुकाए बगैर ही पूंजीपति भाग रहे हैं।

इधर, किसान अपना बचा हुआ अनाज दलालों और व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हर जगह देखने को मिल रहा है कि बुनियादी ढांचा को मजबूत नहीं किया जा रहा है और कोल्ड स्टोरेज की भी कमी बनी हुई है। राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले दिनों झलप के पास एक गांव में किसान ने आत्महत्या कर ली, यह दुखद है। उन्होंने पीड़ित परिवार से चर्चा की। परिवार के लोगों ने बिजली की गंभीर समस्या बताई। उन्होंने बताया कि वे एक बड़े किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए सभी किसान संगठनों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी किसान एक हो जाएंगे, तो बड़ा आंदोलन होगा।

### कोई किसान स्मार्ट मीटर से खेती नहीं कर सकता

देश में सबसे बड़ा सवाल न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है। इसी तरह बिजली संकट भी बड़ा सवाल है। कोई किसान स्मार्ट मीटर से खेती नहीं कर सकता। सरकार बिजली को प्राइवेट करना चाह रही है जिसका विरोध किया जाएगा। देश में दो स्थानों पर प्राइवेट में बिजली है जिसके नतीजे अच्छे नही रहे। टिकैत ने कहा कि आगरा में ताजमहल के नाम पर प्राइवेट कंपनी को बिजली दी गई है वहां किसानों की हालत ठीक नहीं है इसी तरह एक और स्थान है जहां प्राइवेट कंपनी के पास बिजली का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

**पेज 11 के शेष**

### 40 गांवों के पानी में ...

में फ्लोराइड की मौजूदगी का पता चला था।प्रभावित 40 स्कूलों में सवा 6 करोड़ खर्च कर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगाए गए थे।लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इसका उपयोग पुरा गांव नहीं करता,स्कूल आने वाले बच्चे ही इसका उपयोग कर रहे।

**उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के गांव में सफल प्रयोग :** जिले के मैनपुर ब्लॉक के उदंती सीतानदी अभ्यारण्य इलाके के 20 गांव के कई जल स्त्रोतों में फ्लोराइड की अधिकता पाई गई थी। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन बताते हैं कि इको सोल्यूशन नामक मुंबई की एनजीओ के प्रमुख मैकेनिक इंजीनियर यतेंद्र अग्रवाल ने सस्ता विकल्प बनाया हुआ है।एक्टिवेटेड एल्यूमीना और टेरापीट फिल्टर की मदद से फ्लोराइड की मात्र पीने लायक बनाया जाता है।एक कीट की लागत महज 1000 रुपए के भीतर है। इसे प्रभावित गांव में प्रभावित सभी परिवार को वितरण किया जाएगा।बगैर बिजली से इसे आसानी से वन ग्राम के ग्रामीण इसका उपयोग कर सकेंगे, इसके लिए वन सुरक्षा समिति और कर्मीयो के माध्यम से इसकी ट्रेनिंग दी गई है।एक दो दिनो में इसका वितरण शुरू कर दिया जाएगा। अभ्यारण्य में हो रहे इस सस्ते और सुलभ उपकरण की जांच जल शक्ति के वैज्ञानिकों ने नांगलदेही पहुंच कर किया।वैज्ञानिक मुकेश आनंद और प्रमोद साहू ने बताया कि इसके उपयोग से फ्लोराइड की अधिकता दूर हो रही है।पानी पीने लायक आसानी से बन जा रहा है। वैकल्पिक इस्तेमाल के लिए प्रशासन के समक्ष इस सुझाव को रखेंगे।

गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया देवभोग के 40 स्कूलों में लगे फ्लोराइड रिमूवल प्लांट को अप टू डेट किया गया है। प्रोपर मॉनिटरिंग के लिए एक कर्मी नियुक्ति किया गया है। मेंटेनेंस भी समय पर हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जनता लो वोल्टेज की समस्या से परेशानः ध्रुव



**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की बिजली उत्पादक राज्य होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के किसानो को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। जनता गर्मी के शुरूआती दिनों में ही लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से परेशान हो गये हैं लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर जगह -जगह आंदोलन धरना प्रदर्शन हो रही है। श्री ध्रुव ने आगे कहा की वर्तमान में किसान रबि धान मक्का की फसल ले रहे हैं और लो वोल्टेज के कारण मोटरपंप नहीं चल पाने से धान व फसल सुखने लगा है अधिकत्तर किसान रबि में धान फसल लेकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। भाजपा सरकार में आम जनता की मांग के अनुसार बिजली नही मिल रहा है।

### नपं राजिम में प्रेसिडेंट इन काउंसिल पीआईसी सदस्यों का हुआ गठन







**राजिम।** नगर पंचायत राजिम में प्रेसिडेंट इन काउंसिल पीआईसी सदस्यों के गठन किया गया है। जिसमें भरत यादव को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग व जलकार्य विभाग, मंशाराम कुर्रेको खाद्य नागरिक आपूर्ति स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, आकाश सिंह राजपूत को राजस्व तथा बाजार विभाग, पूर्णिमा चंद्राकर को शिक्षा महिला तथा बाल कल्याण विभाग, कुलेश्वर साहू को पुनर्वास नियोजन विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग आबंटित किया गया है।

### शराब बेचने वाले दो लोगों को महिला समूह ने पकड़ा

**महासमुंद।** नानकपाली की महिला समूह ने शराब बेचने वाले दो लोगों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नानकपाली के महिला समूह के द्वारा दो व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पहुंची जहां समूह की महिलाओं ने दो लोगों को पकड़ा हुआ था। संदेहियों ने पूछताछ में अपना नाम नवीन साहू पिता धनु साहू (57 वर्ष) नानकपाली एवं प्रकाश महापात्र पिता शिवनाथ महापात्र (35 वर्ष) जलगढ थाना बलौदा का होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 07 लीटर (7000एमएल) कीमत 1400 रुपए की महुआ शराब को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# औषधीय एवं सुगंधी फसलों का किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद तथा अखिल भारतीय समन्वित परियोजना-औषधिय तथा सगंध फसल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की जलवायु परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए कृषि में फसलों के विविधीकरण द्वारा उपयुक्त औषधियां फसलों का चुनाव करके कृषकों की आय में वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधन जैसे भूमि तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन कार्य करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ डॉ. मनीष चौरसिया द्वारा गरियाबंद में औषधियां फसलों की सम्भावना तथा





उनके विपणन के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। तकनीकी सत्र में पादप कार्यिकी, कृषि जैव रसायन, औषधिय एवं सगंध विभाग, इं.गा.कृ.वि., रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. यमन देवांगन द्वारा अश्वगंधा, कालमेघ, बच आदि फसलों की उत्पादन तकनीक के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा डॉ. एलिस तिर्की द्वारा लेमनघास तथा खस के विषय पर कृषकों को जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कृषक श्री अवनीश पात्र का सम्मान शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। श्री पात्र द्वारा पान तथा औषधीय फसलों के विषय पर कृषकों को अपना अनुभव से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न ग्रामों से आये 50 कृषकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मनीष आर्य, प्रवीण जामरे तथा ज्योति भारद्वाज द्वारा प्रक्षेत्र भ्रमण तथा कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों के विषय पर अवगत कराया गया।

## भीषण गर्मी में लू से बचाव एवं उसके उपाय के लिए दिए आवश्यक सुझाव

# अधिक समय तक धूप में न रहे, पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**



जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण ''लू'' लगने की संभावना है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों में जाकर महुआ संकलन का कार्य बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ पर्याप्त मात्रा में लेकर नहीं ले जाने के कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉ. गार्गी यदु पाल ने जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवनरक्षक दवाईयां एवं ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने का निर्देश दिये और मैदानी स्वास्थ्य अमलों के और मितानीनों के माध्यम से लू लगने के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य केन्द्रों ''लू'' लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है अतः उक्त परिस्थितियों के रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देश दिया गया।

### लू के लक्षण -

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना।

### लू से बचाव के उपाय

इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### चिकित्सालयों में हिट स्ट्रोक से बचाने की है तैयारी

बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों में लू के लक्षण की अवश्य जांच करें। प्रत्येक अस्पतालों में कम से कम दो बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया जाये। वार्ड में शीतलता हेतु कूलर अथवा अन्य उपाय किया जाये। बाह्य रोगी कक्ष में बैठने की उचित प्रबंध के साथ ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक मरीज को ''लू'' से बचाव की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाये, कि पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये, छोटे बच्चों को कपड़े से ढ़ककर छाया वाले स्थान पर रखें। बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों का ''लू'' के लक्षण की जॉच अवश्य करें। प्राथमिक उपचार कक्ष में ओआरएस कार्नर बनाया जाये। बाह्य रोगी के ऐसे मरीज जिन्हें उपचार पश्चात वापसी के लिए अधिक दूरी जाना है, को आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्था किया जाये। पर्याप्त मात्रा में इंट्रावेनस फ्लूइड, ओआरएस पैकेट, बुखार की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अत्यधिक गर्मी से पीड़ित बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रुप से बीमार व्यक्तियों के ईलाज के लिए अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था की जाये। सभी जिला तथा ब्लाक मुख्यालयों में कण्ट्रोल रुम स्थापित किए जाए। अत्यधिक प्रभावित स्थानों को चिन्हांकित किया जावे तथा उनके प्रबंधन के लिए मोबाईल चिकित्सा दल की व्यवस्था की जाए।

# पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों का किया गया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर**

ग्राम पंचायत बोडकी वर्तमान सरपंच नेतराम सिन्हा ने एक अच्छी पहल शुरूआत की है। ग्राम पंचायत बोडकी के पूर्व सरपंच रामजी साहू, जिन्होंने 25 वर्षों तक ग्राम पंचायत बोडकी की सरपंच रहते सराहनीय सेवाकाल दी है। उन्होंने ग्राम पंचायत बोडकी में विकास से एक पहचान बनाई है। रामजी साहू सरपंच के अतिरिक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव साहू समाज तहसील अध्यक्ष हैं।

वर्तमान सरपंच नेतराम सिन्हा ने कहा की उन्होंने लम्बे समय तक इस पंचायत में सेवा दी है, उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा और इस पंचायत को अपने अनुभव का विकास में सहयोग करने की अपेक्षा है पंचायत की ओर से धन्यवाद करता हूं। वहीं पंचायत की ओर से प्रतीक चिन्ह श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही पूर्व पंच को भी प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

सम्मान पाने वालो में पूर्व सरपंच रामजी साहू, पूर्व पंच नेतराम सिन्हा, सावित्री ध्रुव, कुसुम साहू, लक्ष्मी पटेल, चमेली साहू, लोकिन साहू, हेमीन साहू, सुदर्शन दीवान, फत्तू सिंह दीवान, वेदराम दीवान, सुखमत बाई ध्रुव, चित्रलेखा ध्रुव, किशोरी साहू, गोवर्धन यादव, मैंतू कुमार, उत्तरा बाई कमार है।

वहीं नवनिर्वाचित सरपंच पंच का स्वागत किया गया। सरपंच नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेख राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बर्शन पटेल, ग्रामीण उपाध्यक्ष कुंजन साहू, ग्राम पटेल होरीलाल साहू, ग्रामीण शह सचिव थन्नु राम साहू, पंच भोज साहू, भूषण साहू, ओमप्रकाश साहू, नेतराम सिन्हा, वेदराम साहू, सीताराम साहू, नूतन साहू, गेंदराम दीवान, रामलाल साहू, जागेश दीवान, पुरुषोत्तम ध्रुव, चमन ध्रुव, शोभाराम ध्रुव, रामानंद ध्रुव, छोटू साहू, पोहत पटेल, का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

# पत्रकार संघ का हुआ विस्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला गरियाबंद के कार्यकारिणी का विस्तार राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर किया गया। पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी की घोषणा गरियाबंद जिला के अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा एवं संघ के महासचिव रमेश चौधरी ने की है। अध्यक्ष-श्यामकिशोर शर्मा ,महासचिव- रमेश चौधरी। संघ के संरक्षक के रूप में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों को रखा गया है जिसमें फारूक मेमन गरियाबंद ,अरेंद्र पहाड़िया फिंगेश्वर, कामेश्वर गोस्वामी राजिम,यशवंत यादव छुरा,मनमोहन नेताम देवभोग, अल्तमस खान अमलीपदर। उपाध्यक्ष के रूप में जिले के वरिष्ठतम पत्रकार नरेंद्र तिवारी छुरा,नीरज शर्मा राजिम,मनोज वर्मा गरियाबंद, प्रकाश वर्मा राजिम,जितेद्र शर्मा फिंगेश्वर ,पुरुषोत्तम पात्र देवभोग, हसन खान मैनपुर, गुरुनारायण तिवारी अमलीपदर को बनाया गया है। सचिव भरत बखारिया गरियाबंद, जितेद्र सिन्हा फिंगेश्वर, रामकृष्ण ध्रुव मैनपुर, अश्वनी अवस्थी अमलीपदर ,धनंजय बिहारी देवभोग,यामिनी चन्द्राकर छुरा एवं सहसचिव के रूप में योगेश सिंह ठाकुर फिंगेश्वर,रमेश सोनी देवभोग,योगेश शर्मा मैनपुर,समदखान रिजवी छुरा ,नितिन बखारिया गरियाबंद, रामानुज नेताम,गिरीश गुप्ता,कोषाध्यक्ष संतोष जैन छुरा को बनाया गया है। संघ में विशेष सलाहकार के रूप में




जिले के वरिष्ठ पत्रकार गोरेलाल सिन्हा गरियाबंद, राकेश साहू गरियाबंद,आलोक पहाड़िया राजिम,लीलाराम साहू राजिम,कार्यकारिणी में मोहन कुशवाहा मैनपुर,नागेश्वर मोरे देवभोग, देवी चरण ठाकुर देवभोग, विकास शर्मा राजिम ,अनंत नारायण तिवारी अमलीपदर,भागीरथी सिन्हा छुइहा बेलर,तेजराम ध्रुव छुइहा बेलर,नेमीचंद बंजारे राजिम ,गोविंद तिवारी,नागेश तिवारी, रमेश टंडन राजिम,युवराज साहू,श्रीकांत साहू सहित जिले के छहो विकासखंड के श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यो को रखा गया है। संघ के महासचिव रमेश चौधरी ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि सदस्यो के सक्रियता को देखते हुए आने वाले दिनों में कुछ और पदाधिकारी लिए जाएंगे तथा शीघ्र ही नए सदस्य भी बनाए जाएंगे।

# पेयजल व सड़क के लिए करेंगे संघर्ष : लोकेश्वरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

उदंती अभ्यारण्य के भीतर निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीण आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहे है गांवो में पीने के लिए शुद्ध पेयजल की कमी है सड़क नही होने के कारण भारी परेशानियो का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने संघर्ष करेंगे उक्त बाते जिला पंचायत गरियाबंद के नवनिर्वाचित सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। लोकेश्वरी नेताम के लगातार भारी मतो से तीसरी बार जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद आभार प्रदर्शन करने उदंती अभ्यारण्य के अंदर बसे ग्राम देवझरअमली, अमाड़, करलाझर, नागेश, साहेबिनकछार पहुंचे श्रीमति नेताम



का ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उदंती अभ्यारण्य में स्थित हमारे गांवो में बिजली नहीं लगी है जिसके कारण बच्चो को पढ़ाई में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही गांवों में सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन वह रात में पूरा नहीं चलता जिसके कारण अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि पेयजल, स्वास्थ्य और सड़क की भारी समस्या है जिला पंचायत सदस्य ने सभी ग्रामीणों को आस्वस्थ करते हुए कहा यहां जो भी समस्या है उन समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और जरूरत पड़ेगी तो आंदोलन भी किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच चैतीबाई नागेश, खेलसिंह मरकाम, सोहद्रा नेताम, सरिता ध्रुव, मदनलाल यादव, एवन यादव, भुवन राम, जोगोराम, परमे"वर नेताम, सुकराम, महेश मरकाम, संतोश नेताम, बरन नागेश, रामबाई, हिरण मरकाम, पदुलोचन नागेश, खिरसिंह, मनमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# पीएम इंटर्नशिप 2.0 योजना के लिए पीजी महाविद्यालय में हुई बैठक

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक के पत्रानुसार पीएम इंटर्नशिप योजना 2.0 के तहत महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ नीलम अग्रवाल की उपस्थिति में दिलीप बढ़ई महाविद्यालय प्लेसमेंट सेल संयोजक द्वारा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अशोक साहू सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत उपस्थित रहे, जिन्होंने बताया कि पीएम इंटर्नशिप 2.0 योजना में ऐसे विद्यार्थी जो 21 वर्ष से 24 वर्ष के मध्य है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अंतर्गत आपके आसपास क्षेत्र में उद्योगों एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवश्यक होता है। इसमें एक महीने में प्रशिक्षण के साथ साथ लगभग 5000 रुपए तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

# शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान देने जनरल आदेश जारी करें शासन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा के संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के हवाले से बताया कि सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बैंच के निर्णय के आधार पर राज्य शासन शिक्षा विभाग से मांग किया है कि प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण करने आदेश जारी करे तथा तदानुसार पात्रताधारी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश किया जावे।



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ कोमल वैष्णव, शैलेन्द्र यदु, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक,यशवंत बघेल,विनोद सिन्हा, पूरन साहू,परमेश्वर निर्मलकर,संतोष साहू ने कहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 24 /4/2006 व दिनांक 10/03/2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जावे।

छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश जिसमे एक विभाग से दूसरे विभाग में समान वेतनमान अथवा भिन्न वेतनमान के पद पर संविलियन होने पर पहले विभाग की सेवा अवधि समयमान वेतन के लाभ हेतु गणना में शामिल करने का प्रावधान किया गया है, अतः छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश का लाभ एल बी संवर्ग के शिक्षकों को दिए जाने का आदेश जारी किया जावे।

ज्ञात हो कि क्रमोन्नति वेतनमान सहायक शिक्षकों के लिए व शिक्षक एवं व्याख्याता के लिए समयमान वेतनमान प्रचलन में है।

ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, न्यूनतम पेंशन एवं पूर्ण पेंशन के लिए प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा अवधि की गणना का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शिक्षक मोर्चा के साथ रणनीति तैयार करेगा।

## प्राचीन काल से ही शिक्षा के क्षेत्र में भारत का विशेष महत्व रहा

# गुणवत्ता प्रमाणित करने के लिए समय और संसाधनों का उपयोग सही दिशा में करें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानदंड पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर, बस्तर के पूर्व कुलपति एवं शिक्षाविद प्रो. शैलेन्द्र कुमार सिंह थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया।




अपनी बात शुरू करते हुए प्रो. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य सिर्फ़ ज्ञान का विस्तार ही करना नहीं होता बल्कि चरित्र का निर्माण, बुद्धि का विकास और रोजगार से भी जोड़ना भी होना चाहिए। नैक प्रत्यायन और प्रमाणन की आवश्यकता इसलिए है कि हम राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान के संसाधनों का कितना उपयोग कर पाते हैं। प्राचीन काल से ही शिक्षा के क्षेत्र में भारत का विशेष महत्व रहा है। नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्ववविद्यालय भारतीय ज्ञान परम्परा को पूरी दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते थे। इस संशोधित मूल्यांकन प्रणाली का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता सुधारना, पारदर्शिता बढ़ाना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना और आईसीटी के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करना है। समय और संसाधनों का उपयोग नैक की ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए आवश्यक होता है। इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि प्रत्यायन की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और विश्वसनीय होगी। उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वयं-विश्लेषण क्षमता, छात्र संतुष्टि और बाहरी विशेषज्ञों की समीक्षा के आधार पर उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी तैयार होना होगा।

### मैन पावर के साथ भी होना चाहिए माइंड पावर

विश्वविद्यालय में कितने प्राध्यापक हैं, छात्र-शिक्षक का दर, कितने ओबीसी, एससी, एसटी शिक्षक, महिला शिक्षक एवं छात्र हैं ,यह सभी डेटा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैन पावर के साथ माइंड पावर भी होना चाहिए। आज चाइना इसलिए तेज़ी से विकास कर रहा है क्योंकि उसने बुद्धि का विस्तार किया और उसे टेक्नोलॉजी में रूपांतरित किया। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि एफडीपी शिक्षकों को नई तकनीकों, अनुसंधान प्रवृत्तियों और शिक्षण तकनीकों से अवगत कराता है, जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि होती है। यह न केवल नैक प्रत्यायन में सहायता करता है, बल्कि छात्रों की शिक्षा को भी अधिक प्रभावी बनाता है। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने कहा कि मुख्य वक्ता के संबोधन का सार प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि का परिचय छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने दिया। मालूम हो कि कार्यक्रम के पहले दिन नैक के सभी क्राइटीरिया पर विस्तार से चर्चा की गई थी। जिसमें विश्वविद्यालय में नैक प्रत्यायन के सभी क्राइटीरिया के सदस्य अपनी बातें साझा किए।

## खबर संक्षेप

### एफसीसी चैंपियन क्लब ने अध्यक्ष महेश यादव का किया सम्मान

**राजिम।** एफसीसी चैंपियन क्लब ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम



गायत्री शक्तिपीठ राजिम में मनाया मुख्य अतिथि महेश यादव अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू विशेष अतिथि लिलेश्वर यदु, अध्यक्ष मां महामाया प्रबंध समिति, नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों का सम्मान रंग गुलाल और मिठाई के साथ किया। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव का सम्मान क्लब के अध्यक्ष और सभी सदस्यों के द्वारा रंग गुलाल लगा कर उत्साह के साथ किया इस अवसर पर नप. अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि सभी कारीगर पर भगवान विश्वकर्मा के वरदान है तभी तो निर्माण कार्य जारी है और जब तक सृष्टि रहेगा तब तक निर्माण होता रहेगा और नगर में मेरे लायक कोई काम हो तो बताना मैं आप लोगो का अवश्य सहयोग करूंगा। कार्यक्रम का संचालन क्लब के मार्केटिंग फिल्ड आफिसर लीलाधर सिन्हा ने किया क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि हम सब को मिलकर संगठन को मजबूत करना है एकता हमारी ताकत है। इस अवसर पर भानु साहू, दिनदयाल साहू, कमलेश ध्रुव,गुलाब साहू, गिरीश साहू, संतोष यादव, उमेश साहू, विशेष साहू,केशव भारती, दिनेश साहू, रितेश साहू, वासुदेव साहू, रोशन साहू, गोविन्द साहू, भिखम साहू, प्यारे लाल साहू, जागेश्वर साहू, अश्विनी देवांगन आदि कि उपस्थिति में होली मिलन समारोह कार्यक्रम धुमधाम से सम्पन्न हुआ।

### बाइक पेड़ से टकराई दो घायल

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग में शाम 5 बजे के आसपास तेज रफ्तार मोटर साइकल पेड़ से टकराया मोटर साइकल में सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हे मैनपुर अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन 26 तक

**गरियाबंद।** जिले के निवासी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययरत छत्तीसगढ़ के निवासी जो शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज डाइट, आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत है। जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है। जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है, ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है। ऐसे छात्र शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं विवरण की कार्यवाही वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाइन कर सकते हैं। आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 19 मार्च से 26 मार्च 2025 तक किया गया हैं।

## रंग पंचमी पर बच्चों व शिक्षक ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



मंगलवार को गुरु कृपा विद्या मंदिर में रंग पंचमी के शुभ अवसर पर विधालय में शिक्षकों और बच्चों बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने रंगों की मस्ती में डूबकर जमकर होली खेली। बच्चों और शिक्षकों ने गुलाल उड़ाकर और एक दूसरे को रंग लगाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। परिसर में रंगों की बौछार और बच्चों की खिलखिलाहट से वातावरण रंगीन हो गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा फाग गीत पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर स्कूल के संचालक प्रशांत अग्रवाल ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की सीख दी। बच्चों ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर प्रणाम किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालक प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि बच्चों का उत्साह देखकर बचपन की यादें ताजा हो गई। इस मौके पर सोनिया ध्रुव, यशवंत अग्रवाल, उत्तरा यादव, गंगा नेताम, आरती यादव, डी एस ध्रुव, दिव्या चक्रधारी, सावित्री कंवर, घनश्याम चौहान, सविता ध्रुव, ज्योति अग्रवाल, प्रेमलता ध्रुव, दूजराम नेताम, गुलशन ध्रुव सहित सभी कक्षा के बच्चों उपस्थित थे।

## प्रज्ञायोग केन्द्र खड़मा में हुआ होली मिलन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** प्रज्ञायोग केन्द्र खड़मा में 16 मार्च को जिला स्तरीय होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के निमित्त वसंत पंचमी 2026 के लिए कार्य-योजना तैयार की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रज्ञागीत-मां तेरे चरणों में शीश झुकाते हैं से किया गया तत्पश्चात मां गायत्री की छाया चित्र के सामने मातृ-शक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तदुपरांत चंदनसिंह ठाकुर को पूरे परिवार सहित उनके पुरुषार्थ एवं समर्पण के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राजिम शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी चन्दूलाल साहू पूर्व सांसद, मनहरणलाल साहू जिला संगठन प्रभारी महासमुंद, सीपी साहू जोन प्रभारी गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर, टीकम साहू जिला समन्वयक, रोमन चंद्राकर जिला संगठन प्रभारी



गरियाबंद, नुकेश कुमार साहू युवा प्रकोष्ठ प्रमुख,राम अवतार यादव जी, ठाकुर राम यादव जी आदि छुरा ब्लाक के समस्त गायत्री परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से किया गया। तत्पश्चात सभी को भोजन प्रसाद प्रदान किया गया।

### प्राधिकृत अध्यक्षों की बैठक में अनेक विषयों पर हुई विचार-विमर्श

## सोसायटियों को वर्ष 2023-24 का कमीशन नहीं मिला, शीघ्र भुगतान की मांग : महाअध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र के सहकारी सोसायटियों के प्राधिकृत अध्यक्षों की एक विशेष बैठक बुधवार को पांडुका रेस्ट हाउस में संघ के महाअध्यक्ष जितेन्द्र-राजू सोनकर की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू की मौजूदगी में हुई।

बैठक के दौरान अध्यक्षों ने बारी-बारी से अपनी बात रखी। प्रमुख रूप से फोकस सही समय में धान के उठाव होने की बात सामने आई। बताया गया कि फरवरी तक के सुखत की जवाबदारी सोसायटी की होती है लेकिन फरवरी के बाद यदि उठाव नही हुआ है तो इसकी जिम्मेदारी फेडरेशन की है लेकिन इस बार इसकी भी जवाबदारी सोसायटियों के ऊपर डाली जा रही है जबकि ऐसा नही होना चाहिए। इससे हर सोसायटियों के ऊपर सुखत का बोझ बढ़ जाएगा और शॉर्टेज की जिम्मेदारी सोसायटी की होगी। इसका पुरजोर विरोध बैठक के दौरान उभरकर सामने आया है। ठीक इसी तरह खाद का टेंडर दूसरे जिले के लोगो को मिल जाता है इससे गरियाबंद जिले के लोगो को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अतएव टेंडर का काम गरियाबंद जिले को ही मिले। चर्चा के दौरान जिले के सभी सोसायटियों को वर्ष 2023-24 की कमीशन राशि प्राप्त नही हुआ है जिसे शीघ्र जारी किए जाने की मांग अध्यक्षों ने की है। बैठक के बाद सोसायटी के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने कहा कि इन सभी समस्याओं और मांगो को लेकर जिले से एक प्रतिनिधिमंडल सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलने जाएंगे और अपनी सारी परेशानियो एवं समस्याओं को सामने रखेंगे।

यह बैठक विधानसभा स्तर का हुआ। आने वाले समय में इसे जिला स्तर पर किए जाने की बात तय हुई। बैठक में महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, भाजपा नेता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू के अलावा संघ के उपाध्यक्ष वेषनारायण ठाकुर, महेश साहू, ईश्वर साहू, सुरेश दीवान, ललित साहू, लिकम साहू, ओमप्रकाश साहू, चेमन धीवर, बाबुलाल साहू, लीलाराम साहू, चतुर साहू सहित विभिन्न सोसायटियों के अध्यक्ष मौजूद थे।

## नगर विकास व संघर्ष समिति के लोगों ने रंगपंचमी का पर्व उत्साह से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर विकास एवं संघर्ष समिति फिंगेश्वर के तत्वाधान मे रंगपंचमी का पर्व उत्साह एवं उमंग से मनाया गया।

गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में बुधवार को ढोल नगाड़े के साथ होली गीत गाकर समिति के लोगों ने रंगपंचमी पर्व को उत्साह से भर दिया। युग पुरोहित परमानंद यादव ने कहा कि मान्यताओं के अनुसार यह पर्व द्वापर युग से भगवान कृष्ण एवं माता राधा के प्रेम को लेकर पंचमी तिथि पर मनाया जाता रहा है जिसको लेकर हिंदू धर्म आज पर्यंत तक मनाते हुए आ रहे हैं। आज का पर्व कृष्ण राधा के अटूट प्रेम का पर्व है। जगदीश साहू के द्वारा नगाड़ एवं प्रेमलाल साहू के द्वारा ढोलक बजाकर होली गीत गाकर कार्यक्रम को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष भागवत हरित ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष भागवत हरित,नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक सहकारी समिति फिंगेश्वर रामू राम साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पत्रकार दीपक पोद्दार, कमलेश कश्यप, प्यारे लाल सोनकर, अशोक साहू, उत्तम सिंह राजवंशी, हर नारायण सूर्यवंशी, किरण सोनी, पार्षद हैप्पी सोनी, राकेश सिन्हा, खिलावन सोनवानी, महेंद्र सिंह ठाकुर, कुंजन लाल साहू, परमानंद यादव, अर्जुन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## डूमर फलों से लदे पेड़ों को भालुओं से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



इन दिनों मैनपुर वनांचल क्षेत्र में डुमर का फल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के ग्रामों में डुमर के वृक्ष पाये जाते है और गर्मी में डुमर का पेड़ फलों से लदा हुआ है, औषधिय गुणों से भरपुर इस फल को ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी शौक से खाते है लेकिन यह डुमर का फल मधुमक्खियों और भालू तथा बंदरो का प्रिय व्यंजन बताया जाता है, गर्मी के दिनों में रात के समय डुमर वृक्ष के नीचे वन्यप्राणी भालू को मंडराते आसानी से देखा जा सकता है। जिले के क्षेत्र के जंगल में अनगिनत वनस्पतियों को खजाना है। जिनमें कई बेहतरीन औषधीय गुण छिपे होते हैं इन्हीं से एक डुमर के पेड़ पर लगने वाला फल है डुमर के फल, पत्ते, छाल और जड़ों को औषधियों को खजाना माना जाता है। करोना संकट के समय भी लोग इसके तने, पत्ते और फल का जमकर सेवन किए थे। इसके फल, पत्ते और छालों में संक्रमण से लड़ने की काफी ताकत होती है। बता दें, डुमर का वैज्ञानिक नाम फिकस साइकोमोरस है जो 20 मीटर की ऊंचाई और 6 मीटर की चौड़ाई तक बढ़ता है, इसकी शाखाएं बहुत मोटी होती हैं, इसके पत्ते दिल के आकार के होते हैं और इसकी नोक गोल होती है, पत्तियों की सतह चिकनी नहीं होती और खुरदरी होती है, डंठल की लंबाई 0.5–3 सेमी होती है जो मुलायम बालों से ढकी होती है। फल अपने आकार में बड़ा होता है और 2–3 सेमी व्यास का होता है, पकने के बाद फल हल्के हरे रंग का हो जाता है और बाद में पीला या लाल भी हो जाता है. फूल उत्पादन और फल उत्पादन की प्रक्रिया पूरे वर्ष चलती रहती है, ग्रामीणों के अनुसार इस पेड़ को डुमर या गूलर कहते हैं। ये बेहद रहस्यमयी और कमाल का पेड़ होता है। ये अकेला वृक्ष कॉम्बो पैक है जो अपने आपमें एक इकोसिस्टम है, यह पेड़ और इसका फल, पत्ते सभी आयुर्वेद का खजाना है इसके फलों को खाने से गजब की ताकत मिलती है।

## हरिहर शाला में माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपसचिव ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय को छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यहां माध्यमिक शिक्षा मण्डल के उपसचिव श्री अग्रवाल एक टीम के साथ बोर्ड परीक्षा की जांच के लिए पहुंचे।

केन्द्राध्यक्ष एफके दानी ने बताया कि बारहवीं बोर्ड की रसायन शास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं लेखाशास्त्र की परीक्षा थी। जिसमें रसायनशास्त्र में 48 परीक्षार्थी, राजनीतिशास्त्र में 98 एवं लेखाशास्त्र में 53 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं, जिस पर श्री अग्रवाल ने संतोष व्यक्त किया।

इस संकुल के अंतर्गत कुल 6 विद्यालयों में शासकीय हरिहर पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तर्री, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुलना, श्रीराम जानकी विद्या मंदिर नवापारा, ज्ञानदीप शिशु विद्या मंदिर नवापारा, परमेश्वरी शिशु विद्या मंदिर तर्री विद्यालय शामिल है। कुल 324 परीक्षार्थी शामिल हुए।

संकुल केन्द्र प्राचार्य दानी मैम ने सभी स्कूलों का निरीक्षण किया। उनके साथ टीम में संकुल समन्वयक विनोद साहनी एवं वरिष्ठ व्याख्याता महेशराम नेताम भी थे।

## सरपंच ने रंगमंच निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत मैनपुरखुर्द के आश्रित ग्राम अचानपुर में बुधवार को ग्राम पंचायत मैनपुर नवनिर्वाचित सरपंच हनिता नायक ने रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होने कहा लंबे समय से यहां रंगमंच निर्माण की मांग किया जा रहा था रंगमंच के निर्माण होने से गांव के विभिन्न कार्यक्रमो को आयोजित करने में आसानी होगी। उन्होने सभी ग्राम पंचायत वासियों को विश्वास दिलाया कि आने वाले पांच सालों में मैनपुर में विकास के नये आयाम गढ़ेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम के झाखर किसन नागेश, उपसरपंच अनिश सोलंकी, पंच शंकर ठाकुर, बलदेव नायक, भागवती श्रीवास्तव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शिविर में बीपी-शुगर की जांच कर दी दवा

**छुरा।** ग्राम पंचायत हरदी में स्वास्थ विभाग के तहत स्वास्थ मेला हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम लगाया गया। शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए गांव -गांव जा कर समस्याओं के अनुरूप सभी का शुगर लेवल, बीपी का बारीकी से जांच पड़ताल करके सभी को रोग मुक्त करने का प्रयास कर रही हैं। चित्रेखा साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने बारी बारी से सूक्ष्म रूप से महिलाओं का गंभीरता पूर्वक समस्याओं को जान समझ कर टेबलेट, सिरप का वितरण किया गया, साथ ही जुगेश ध्रुव ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और दीपमाला साहू ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मुख्य रूप से महिलाओं के प्रति कहा की गर्मी में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने का प्रयास करें और ज्यादा गर्मी शरीर के लिए



नुकसान दायक होता हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित रुपनाथ बंजारे उप सरपंच हरदी पूर्व सरपंच संतु राम ध्रुव मितानिनगण ललिता बाई धरमीन बाई कुंदन बाई एवं ग्रामवासी रामकिशन ध्रुव टेलर, घासी राम सेन,जानकी, ज्योति, उषा ढोलन, सेवन ध्रुव, चमन यादव आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष गरियाबंद, तारकेश्वर साहू लोकेश्वर यादव, डिगेश्वर साहू ठेकादार, हूमसिंग कंवर, गणपत, हुलस ध्रुव, तेजराम बलदेव, मेघसिंह पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित पंच, सरपंच सहित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

## स्वर्णिम भारत के तहत गोकुल ग्राम बनाने का ले संकल्प: शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ के आध्यात्मिक नगरी चम्पारण के ब्रह्माकुमारीज की शिव शक्ति भवन में शनिवार को नवनिर्वाचित पंच, सरपंचों सहित जनपद एवं जिला के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रखा गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशा कल्ला जनपद सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर रही। ब्रह्माकुमारीज मुख्य सेवाकेंद्र नवापारा (राजिम) की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से ब्रह्मानंद साहू जनपद सदस्य चम्पारण, ग्राम सरपंच अनिल साहनी चम्पारण, सरपंच रोशनी साहू ग्राम पंचायत डंगनिया, सरपंच कुंती साहू ग्राम पंचायत जौंदी, भारती मानिकपुरी

■ चम्पारण की पावन नगरी में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की अनोखी पहल



सरपंच ग्राम पंचायत भोथी, सरपंच इंद्राणी साहू ग्राम पंचायत जौंदा, एवं सरपंच हरिशंकर पटेल ग्राम पंचायत टीला विशेष रूप से मंचासीन रहे। आयोजक उप सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी शकुंतला दीदी ने सभी अतिथियों सहित आमंत्रित पंच सरपंचों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए आत्म स्मृति का तिलक देकर शुभकामनाएं व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आप जनता के द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि है, जनता एवं ग्राम के विकास के साथ साथ अब गांव को गोकुल गांव बनाने



के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे तब स्वर्णिम भारत का स्वप्न साकार होगा।

### जीवन में स्वच्छता को अपनाकर अपने घर को बनाएं स्वच्छ

सभी अतिथियों ने परमात्म शिव पिता की याद में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य निशा कल्ला ने कहा कि यहां आने मात्र से असीम शांति की अनुभूति हो रही है। यहां का स्वच्छ वातावरण हमे भी प्रेरित कर रहे है कि जीवन में स्वच्छता को अपनाकर अपने घर, परिवार ही नहीं अपने ग्राम व समाज को भी स्वच्छ बनाए। उन्होंने ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया। वहीं सभी अतिथियों ने ओम शांति कहते हुए इस सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए। अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में राजयोगिनी बीके पुष्पा दीदी ने कहा कि हम इस शरीर में एक ज्योति बिंदु आत्मा है जो सभी कर्मिन्दरियों का राजा है , जो अपने कर्मिंद्रियों पर शासन करना जानते है वही सर्व पर राज करता है। जिसके लिए आत्म संयम, निर्भयता, निर्भीकता ,सहनशीलता, धैर्यता, नम्रता, गुणग्रहिता, गंभीरता, आदि गुणों का होना आवश्यक है। इस दौरान कार्यक्रम में बीके कान्हा, बीके सुधु भाई, परस राम,राधेश्याम साहू, बीके लता, बीके प्रिया सहित बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य एवं ग्रामवासी माताएं, बहनें उपस्थित रहे।

